शनिवार
23 दिसंबर 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

डीएम ने चलाया अभियान, बालू लदे 94 ट्रकों पर 9.5 लाख का जुर्माना

3

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

उच्चस्तरीय बैठक कर सीएम नीतीश ने दिए निर्देश

कोरोना से घबराएं नहीं सभी सजग व सतर्क रहें

- बिहार में कोरोना के दो मरीज मिलने के बाद अलर्ट मोड में नीतीश सरकार
- सीएम ने अस्पतालों में दवा, बेड, ऑक्सीजन की उपलब्धता रखने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/पटना

बिहार में कोरोना के दो संक्रमित मरीज मिलने के बाद नीतीश सरकार अलर्ट हो गई है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना में उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें उन्होंने कोरोना को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोरोना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में ओमिक्रॉन परिवार का जे.एन. एक वेरिएंट के कई मामले देश में मिले हैं। बिहार में भी कोरोना के 2 ऐसे मामले आये हैं, जो राज्य में बाहर से आए लोगों में मिला है। उन्होंने बताया कि यह वेरिएंट बहुत घातक नहीं है। दोनों मरीज होम आइसोलेशन में हैं और स्वस्थ हैं। स्वास्थ्य विभाग कोरोना के इस नये वेरिएंट के प्रति पूरी तरह सतर्क है और इसके बचाव के लिये सभी जरूरी उपाय किये जा रहे हैं।

वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए आरटीपीसीआर जांच की संख्या और बढ़ाई जाए। कोविड के निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप अस्पतालों में दवा, उपकरण, बेड, ऑक्सीजन, मानव बल एवं अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता रखें। उन्होंने कहा कि कोविड समुचित व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क एवं जागरूक करें। अस्पतालों में सभी लोग मास्क का उपयोग करें।

सीएम का निर्देश

- देश के कई राज्यों में कोविड के बढ़ते मामले को देखते हुए आरटीपीसीआर जांच की संख्या और बढ़ायें।
- कोविड के निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप अस्पतालों में दवा, उपकरण, बेड, ऑक्सीजन, मानव बल एवं अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता रखें।
- अस्पतालों में सभी लोग मास्क का उपयोग करें।
- कोविड समुचित व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क एवं जागरूक करें।
- लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं, सजग एवं सतर्क रहें।

भीड़भाड़ वाली जगहों पर लगाएं मास्क

नई दिल्ली। कोरोना के मामले फिर बढ़ने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में पूरे देश में 640 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से केरल में अकेले कोरोना के 265 नए मरीज हैं। साथ ही एक संक्रमित की मौत भी केरल में हो गई। देश में फिलहाल कोरोना के 2997 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वे भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाना शुरू कर दें। अस्पतालों या भीड़भाड़ वाली जगहों से लौटने पर सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने की नसीहत दी गई है। दो दिन पहले केरल से सटे कर्नाटक में भी एक व्यक्ति की मौत के बाद संक्रमण को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। केरल में मामलों के बढ़ने की वजह से पड़ोसी राज्य तमिलनाडु, कर्नाटक और गोवा में भी सतर्कता बरती जा रही है। सबसे अधिक केरल में चिंता बनी हुई है। राज्य में दो दिनों के दौरान हुई चार मौतों के साथ, तीन साल पहले संक्रमण शुरू होने के बाद केरल में मरने वाले लोगों की कुल संख्या 72 हजार 60 तक पहुंच गई है।

अयोध्या में 30 दिसंबर को होगा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का ग्रैंड रिहर्सल

- 22 जनवरी के महाआयोजन जैसा ही 30 दिसंबर को दिखेगा नजारा
- 30 दिसंबर को पीएम आएंगे अयोध्या एयरपोर्ट-रेलवे स्टेशन का होगा उद्घाटन

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

अयोध्या में अपने दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह की देरी पर है। ऐसे में प्रदेश की योगी सरकार आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले ग्रैंड इवेंट का ग्रैंड रिहर्सल कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ही अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी 2024 के लिए तैयारी है।

फूलों से सजेंगी सड़कें

सीएम योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग (राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ) को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्व स्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए।

आकर्षक सजावट का निर्देश

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं।

भारत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा इवेंट होगा रामोत्सव

रामोत्सव-2024 की तैयारी में जुटी योगी सरकार इस एक माह में ना सिर्फ अयोध्या को बल्कि पूरे प्रदेश को राममय बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के सुअवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम होंगे। भारत के इतिहास में अबतक के इस सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रही है। माना जा रहा है कि 30 दिसंबर से अयोध्या में उत्सवों की शुरूआत हो जाएगी। प्रदेश के सभी जनपदों में सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

कुश्ती संघ के नए प्रमुख के विरोध में बजरंग पूनिया लौटाया पद्मश्री पुरस्कार

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। सोशल मीडिया पर बजरंग के पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बजरंग पूनिया प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर ही अपना पद्मश्री पुरस्कार रख कर वापस लौटते दिखाई दे रहे हैं।

औरंगाबाद में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

- मदनपुर थाना क्षेत्र के लड्डूयां पहाड़ एवं इसके आस-पास चला सर्च ऑपरेशन
- छह किलो का दो प्रेशर आईईडी, 554 केन आईडी, 16080 डेटोनेटर बरामद

केटी न्यूज/औरंगाबाद

सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम करने में सफलता हासिल की है। सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लड्डूयां पहाड़ एवं इसके आस-पास के जंगलों से बड़ी मात्रा में विस्फोटक एवं अवैध सामग्रियों को बरामद किया है। सुरक्षा बलों की भनक पाकर नक्सली मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई आसूचना के आधार पर पुलिस उप-महानिरीक्षक विमल कुमार बिष्ट, गया सीआरपीएफ, पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम एवं 205 कोबरा समादेष्टा के संयुक्त निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मुकेश कुमार, उप समादेष्टा अमित कुमार सिंह एवं सहायक समादेष्टा, रोबर्ट हॉकीप के नेतृत्व में की गई, जिसमें 205 कोबरा एवं एसटीएफ के संयुक्त टीम द्वारा सर्च अभियान के फलस्वरूप चार बंडल कोर्टेक्स तार को जब्त करते हुए विस्फोटक सामग्रियां बरामद कर यथास्थान विनष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि नक्सली संगठन सुरक्षा बलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के फिराक में थे। आसूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन की एक बड़ी विध्वंसकारी और हिंसात्मक साजिश को विफल कर दिया है। सर्च ऑपरेशन में छह किलोग्राम का दो प्रेसर आईईडी, 554 केन आईडी एवं 16080 वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर की बरामदगी की गई है जिसे मौके पर विनष्ट कर दिया गया। इस छापामारी अभियान के फलस्वरूप नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा। ताकि उनके गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

राहुल गांधी ने फोन पर सीएम नीतीश कुमार से की बात

एजेंसी/नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन में अपनी भूमिका को लेकर नीतीश कुमार नाराज चल रहे हैं। सीपीएम और पीडीपी के भी गठबंधन छोड़ने की खबरें आ रही हैं। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस इन सब विवाद को खत्म करने की कोशिश कर रही है। इसको ध्यान में रखकर राहुल गांधी ने फोन पर नीतीश कुमार से बात की है। कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के फैसले को जल्द से जल्द अमल में लाने के लिए काम करने पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने स्पष्ट किया है कि बिहार के सीएम की गठबंधन में एक अहम जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा, सीट शेयरिंग और साझा कार्यक्रमों के मुद्दे पर भी बात हुई है।

नई दिल्ली में विपक्षी इंडिया गठबंधन की चौथी मीटिंग में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम फेस के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव रखा था। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार इससे संतुष्ट नहीं हैं। नीतीश खुद को पीएम दावेदार के तौर पर पेश करने की इच्छा इशारों में कई बार दे चुके हैं। ममता ने खड़गे का नाम रखते हुए कहा था कि देश को पहला दलित पीएम मिल सकता है।

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

एजेंसी/नई दिल्ली

शीतकालीन सत्र में 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के सीनियर नेताओं ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और गठबंधन के कई बड़े नेता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया और लोगों को संबोधित किया। उन्होंने सांसदों के निलंबन की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि जब अच्छा कानून आता है तो हम समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार जो कर रही है, वह सही नहीं है। उन्होंने बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हमारे संविधान के तहत, हर किसी को बोलने का अधिकार और आजादी है। यह आजादी हमको मिली है जवाहरलाल नेहरू से, महात्मा गांधी से, डॉ आंबेडकर से। उन्होंने हमें यह आजादी दिलाई। आपके घर से कोई भी नहीं है आजादी दिलाने वाला। वो लोग हमको कहते हैं कि देश को बर्बाद कर रहे हैं, सबको बाहर निकाल दिया है। आपने सांसदों को बाहर निकालकर तीन कानून पास कर दिए। खरगे ने कहा, जब हम (संसद में) नोटिस देते हैं तो हमें नोटिस पढ़ने का मौका भी नहीं दिया जाता है। क्या मुझे यह कहना चाहिए कि भाजपा सरकार एक दलित को बोलने नहीं दे रही है? आप हमारे बोलने का अधिकार नहीं छीन सकते। अब हमें एक साथ लड़ना होगा।

सितंबर में सीएम योगी के सख्त निदेर्शों के बाद लंबित राजस्व वाद के निस्तारण में आयी तेजी

3 माह में 12.90 लाख वाद का सुनिश्चित किया गया निस्तारण

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर सीएम योगी के सख्त निदेर्शों का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए किए गए प्रयासों के चलते विगत तीन माह में पिछले वर्ष की तुलना में करीब दोगुने वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। 16 सितंबर 2023 को कुल 19.57 लाख वाद लंबित थे एवं 16 सितंबर 2023 से 19 दिसंबर 2023 के मध्य 6.59 लाख नए वाद इसमें शामिल हुए। इन सभी कुल 26.16 लाख वादों में से विगत 3 माह में कुल 12.90 लाख वादों (49 प्रतिशत) का निस्तारण सुनिश्चित किया गया जो विगत वर्ष के इन्हीं अंतिम 3 माह के औसत निस्तारण (6.66 लाख) के सापेक्ष लगभग दो गुना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर 2023 को पूरे प्रदेश में लंबित राजस्व वादो के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए थे। निदेर्शों के क्रम में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व अध्यक्ष, राजस्व परिषद के स्तर से नियमित गहन समीक्षा के फलस्वरूप राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखने को मिली है।

3 माह में 7.77 लाख नामांतरण के मामलों का निस्तारण: 15 सितंबर 2022 के पूर्व प्रदेश स्तर पर कुल 20.67 लाख वाद लंबित थे एवं 15 सितंबर 2022 से 15 सितंबर 2023 के मध्य कुल 26.57 लाख वाद योजित हुए। इन विचाराधीन कुल 47.25 लाख वादों में से पूरे वर्ष में कुल 27.67 लाख वादों (59 प्रतिशत) का निस्तारण किया गया। 15 सितंबर 2022 से 15 सितंबर के मध्य दायर वादों के सापेक्ष पूरे वर्ष का निस्तारण 104 प्रतिशत रहा, जबकि 16 सितंबर 2023 से 19 दिसंबर 2023 के मध्य दायर वादों के सापेक्ष मात्र 3 माह की अवधि का निस्तारण 196 प्रतिशत रहा। 15 सितंबर 2022 से 15 सितंबर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-34 (नामांतरण) के कुल 19.22 लाख वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि (16 सितंबर 2023 से 19 दिसंबर 2023) मात्र 3 माह में 7.77 लाख वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इसी 3 माह के औसत निस्तारण 4.80 लाख के सापेक्ष लगभग 3 लाख अधिक हैं।

89.43 हजार पैमाइश के मामले भी सुलझाए गए

15 सितंबर 2022 से 15 सितंबर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-24/41 (पैमाइश) के कुल 1.95 लाख वादों के सापेक्ष 83 हजार वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि (16 सितंबर 2023 से 19 दिसंबर 2023) मात्र 3 माह में 89.43 हजार वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इन्हीं 3 माह के औसत निस्तारण 20.70 हजार के सापेक्ष लगभग 4 गुना है। इसी तरह, 15 सितंबर 2022 से 15 सितंबर 2023 तक 1 वर्ष में धारा-116 (कुर्रा बटवारा) के कुल 2.79 लाख वादों के सापेक्ष 81.16 हजार वादों का निस्तारण किया गया, जबकि समीक्षा अवधि (16 सितंबर 2023 से 19 दिसंबर 2023) मात्र 3 माह में 1.10 लाख वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के इन्हीं 3 माह के औसत निस्तारण 20.3 हजार के सापेक्ष लगभग 5 गुना है।



हेरोइन के नशे की हालत में मोबाइल और कपड़ा दुकान में की थी चोरी, चार गिरफ्तार

- एसपी और एएसपी आवास के समीप दुकान में चोरी का खुलासा, शनिवार की रात की गयी थी चोरी
- गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी के चार मोबाइल, तीन कपड़े और शटर तोड़ने में इस्तेमाल रॉड बरामद

केटी न्यूज/आरा

शहर के एसपी और एएसपी आवास के समीप मोबाइल व कपड़ा दुकान में चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। चोरी के मोबाइल और कपड़ों के साथ चार चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चोरों में कृष्णगढ़ ओपी क्षेत्र के जगलपुर पकड़ी गांव निवासी मंटू कुमार गुप्ता, पोरहा महुली घाट निवासी विकास कुमार, सहार थाना क्षेत्र के अनुआ गांव निवासी अभिषेक कुमार और नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी अंकित कुमार शामिल हैं। चारों हेरोइनची हैं और पैसे के लिए नशे की हालत में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस की पूछताछ में चारों ने हेरोइन के नशे चोरी करने की बात भी स्वीकार कर ली है। इनके पास से चोरी के चार मोबाइल और तीन कपड़े बरामद किए गए हैं। शटर उखाड़ने में इस्तेमाल रॉड भी बरामद किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद चोरों की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को लोकेट किया गया। उसके बाद तकनीकी सूत्र के जरिए चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से सौरभ फैशन नामक कपड़ा दुकान से चोरी गये जिंस के दो पैंट एक टी शर्ट जबकि अमित फोनेक्स से चोरी गये चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। टीम में नवादा थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत, ट्रेनी दारोगा जिशान अशरफ, डीआइयू के अफसरों व जवानों के साथ अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

16 पुलिस कर्मियों पर गिरी थी गाज

एसपी और एएसपी आवास के समीप एक ही रात दो दुकानों में चोरी के बाद पुलिस अधीक्षक काफी गुस्से में थे। उन्होंने वारदात को काफी गंभीरता से लिया था और तत्काल टीम गठित कर चोरों को गिरफ्तार करने का निर्देश जारी किया था। साथ ही लापरवाही के आरोप में नवादा थाने के रात्रि गश्ती की पूरी टीम, क्रॉस मोबाइल और एसपी आवास के संतरी गार्ड सहित 16 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया था।

एक नजर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरूकता रथ का किया निरीक्षण

औरंगाबाद। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरूकता रथ का निरीक्षण किया गया। यह कार्यक्रम जिले के हसपुरा प्रखंड के कोईलवां पंचायत भवन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. बसंत गर्ग द्वारा किया गया। इस दौरान कोईलवां पंचायत भवन में सभी संबंधित विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का भी निर्देश दिया गया। इसके पश्चात शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आम जनता के द्वारा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संबंध में शपथ ग्रहण किया गया। इसके पश्चात अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सभी स्टॉल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, अनुमंडल पदाधिकारी दाउद नगर मनोज कुमार, निदेशक डीआरडीए कृष्णा कुमार, सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

डीएम ने बाल सुधार गृह के प्रत्येक वार्ड में समाचार पत्र व्यवस्था करने का दिया निर्देश

औरंगाबाद। विधि विरुद्ध किशोर के लिए बभंडी में संचालित सुरक्षित स्थान का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों से पूछताछ भी की गई। गृह में आवासित बालकों को मुहैया कराएं जा रहे भोजन एवं कपड़ा पर संतोष व्यक्त किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा गैलरी की सफाई पर अप्रसन्नता व्यक्त किया गया। इस संबंध में अधीक्षक को गैलरी की सफाई करने के लिए विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा गृह में प्रवेश करते समय बायीं तरफ अधिष्ठापित लोहे के गेट में बड़ा ताला लगाने एवं बच्चों के प्रत्येक वार्ड में समाचार पत्र व्यवस्था करने हेतु अधीक्षक को निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

एसपी ने की लंबित कांडों की समीक्षा

औरंगाबाद। लंबित कांडों के मदेनजर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रभार के लिए लंबित कांडो से संबंधित समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में रफीगंज, मदनपुर एवं दाउदनगर अंचल अंतर्गत विभिन्न थाना कांडो की समीक्षा की गई। पुलिस अधिक्षक ने लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को सड़क दुर्घटना नियंत्रण को लेकर नशाखोरी के खिलाफ एवं हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से हेलमेट एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाने तथा शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

राम मंदिर के नाम पर हो रही अवैध चंदा उगाही

औरंगाबाद। अयोध्या राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के नाम पर अवैध चंदा उगाही का मामला प्रकाश में आया है। विश्व हिंदू परिषद के संयोजक सत्येंद्र आजाद ने बताया कि गुरुवार की दोपहर कुछ लोगों ने अपने आप को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद का सदस्य बता कर अंबा के दुकानदारों से अवैध चंदा उगाही की है। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि फर्जी लोगों से सावधान रहें। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद इस तरह चंदा की उगाही नहीं करता है। दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे की मदद से उन लोगों की पहचान की जा रही है। उन लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अंबा के गोला व्यवसायी अजय कुमार ने बताया कि उन लोगो ने उनसे एक सौ एक रुपए का चंदा लिया है। वहीं उपेंद्र साव के चाट दुकान से पैंतीस रुपए की उगाही की है। वे लोग एक सौ, दो सौ, पांच सौ और एक हजार का रसीद लेकर घूम रहे हैं और पैसे की उगाही कर रहे हैं।

ऑक्सिजन मैन ने बांटी साइकिल व सिलाई मशीन

जहानाबाद। ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध गौरव राय शुक्रवार को जहानाबाद पहुंचे। अपने सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध गौरव राय ने नारायणपुर मुरारी की रहने वाली सौम्या कुमारी को एक साइकिल प्रदान दिया। साइकिल श्री नीरज कुमार बेगुसराय ने अपने पिता स्वर्गीय रामवली राय की याद में समर्पित किया। इससे पहले इस बालिका की माता जी को स्वरोजगार हेतु गौरव राय ने सिलाई मशीन भी उपलब्ध कराया था। इस अवसर पर चंदन कुमार, प्रिंस कुमार बिकु सहित अन्य लोग उपस्थित थे। गौरव राय ने बताया की ये उनके, उनके परिवार और दोस्तों के सहयोग से दिया गया 215वीं साइकिल है। उन्होंने बताया कि हम सबकी कोशिश है की अपने आस पास के जरूरतमंदों का चयन कर उनके चेहरे पर मुस्कान लायी जा सके। जहानाबाद के कल्पा की गुड्डी देवी को भी स्वरोजगार हेतु एक सिलाई मशीन प्रदान किया गया, इस अवसर पर अनुराधा पाठक, ब्रजेश कुमार नवीन शंकर, देवांशु दीपक, प्रिंस उपस्थित रहे।

खबरें फटाफट

कांवरियों के लिए बनेगा धर्मशाला

औरंगाबाद। बाबा धाम जाने वाले लाखों कांवरियों के सुविधाओं के मद्देनजर 61 डिसमिल जमीन में भव्य धर्मशाला बनाने का निर्णय लिया गया है जिसको लेकर जमीन खरीद की गई है। यह निर्माण कार्य बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर झारखंड के देवघर स्थित नीलकंठ महादेव सेवा समिति, औरंगाबाद द्वारा किया जाएगा जो सभी तरह के अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा। इस संबध में नीलकंठ महादेव सेवा समिति के संस्थापक लखन प्रसाद गुप्ता एवं नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को शहर के धर्मशाला मोड़ स्थित एक निजी सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

मगध विवि के कुलपति करेंगे रामरूप मेहता महोत्सव का उद्घाटन

औरंगाबाद। इस वर्ष मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डा, शशि प्रताप शाही 44वें रामरूप मेहता महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन हर वर्ष की भांति दो जनवरी को होगा। इस सिलसिले में महोत्सव आयोजन समिति ने वाकिफ कराया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार बर्मा ने बताया कि 44 वें रामरूप मेहता महोत्सव के आयोजन की सारी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस बार समारोह का शुभारंभ मगध विवि के कुलपति करेंगे।

मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस

रंगदारी देने से मना करने पर दरवाजे पर बैठी पीडीएस दुकानदार की पत्नी को मारी गोली

- बिहिया नगर के वार्ड नंबर पांच चिक टोली मोहल्ले की घटना
- जख्मी महिला का शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा इलाज

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के बिहिया नगर के वार्ड नंबर पांच की चिक टोली मोहल्ले में शुक्रवार की शाम रंगदारी देने से मना करने पर बदमाशों द्वारा घर के दरवाजे पर बैठी पीडीएस दुकानदार की पत्नी को गोली मार दी गयी। गोली उनके दाहिने साइड सीने और हाथ में लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला बिहिया वार्ड नंबर पांच निवासी उमेश सिंह की 50 वर्षीया पत्नी रंजू देवी है। वह मूल रूप से तीयर थाना क्षेत्र के अंधारी बाग गांव की रहने वाली है। हमलावरों की संख्या दो से तीन बतायी जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बाइक से भाग निकले। इधर, सरेशाम फायरिंग और पीडीएस दुकानदार की पत्नी को गोली मारे जाने की घटना से इलाके सनसनी मच गई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी एवं मामले की छानबीन में जुट गई है।

रंजू देवी ने बताया कि उनके पति उमेश सिंह वार्ड नंबर पांच में जन वितरण प्रणाली का दुकान चलाते हैं। तीन माह पूर्व दो लड़कों द्वारा उनसे रंगदारी में कुछ पैसे की मांग की गई थी। तब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया था। उसको लेकर उनसे विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार की शाम वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी दोनों बदमाश बाइक से आए और रंगदारी मांगने लगे। इस बार भी उन्होंने पैसे देने मना कर दिया और दोनों को गाली देने लगी। उस दौरान बदमाशों द्वारा पहले एक राउंड हवाई फायरिंग की गयी। उसके बाद उनको ताबड़तोड़ दो गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए पहले बिहिया स्थिति सीएचसी ले जाया गया। उसके बाद आरा के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। इधर, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन और हमलावरों की पहचान एवं धरपकड़ में जुटी है।

गोली लगने से हाथ फ्रैक्चर और सीने से बह गया ज्यादा खून

इधर, इलाज कर रहे सर्जन डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि बिहिया निवासी एक महिला को दो गोली लगी है। एक गोली दाहिने साइड सीने और दूसरी गोली दाहिने हाथ में लगी है। हाथ में गोली लगने से हाथ फैक्चर कर गया है। चेस्ट में गोली लगने से खून भी काफी बह गया है। ब्लड को सिक्योर कर दिया गया है। चेस्ट में चेस्ट ट्यूब लगा दिया गया है। अभी मरीज की स्थिति बिल्कुल स्टेबल है।

अलग-अलग सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत दो घायल

आरा। भोजपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। पहली घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के सोभी टोला एवं इटवा गांव के बीच की है। जहां शुक्रवार की शाम पेट्रोल पंप से तेल लेकर घर वापस लौट रहा बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी दिलीप कुमार पासवान का 18 वर्षीय के पुत्र रोहित कुमार है। दूसरी घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत कायमनगर पुल के समीप की है। जहां शुक्रवार की शाम साइकिल खड़ा कर लघुशंका कर रहे बुजुर्ग को एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी बुजुर्ग टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज मोहल्ला निवासी मो. सिद्दीकी के 62 वर्षीय पुत्र अंजुम अली है। इधर जख्मी बुजुर्ग के परिजन ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह साइकिल से कायमनगर बाजार गए थे। जब वह वापस लौट के क्रम में कायमनगर पुल के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

कार्यपालक पदाधिकारी के रवैये से परेशान वार्ड पार्षदों ने फूंका पुतला

केटी न्यूज/जहानाबाद

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के तानाशाही रवैए के खिलाफ सड़क पर वार्ड पार्षदों का आक्रोश देखा गया। नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्ड पार्षद झंडा बैनर के साथ नारेबाजी करते हुए आक्रोश मार्च निकाल कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला फुंका। काको मोड़ से मार्च निकालकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए आक्रोशित वार्ड पार्षद नारेबाजी करते हुए कारगिल चौक पहुंचे। जहां कार्यपालक पदाधिकारी का पुतला दहन किया गया।

मार्च का नेतृत्व कर रहे वार्ड संख्या 28 के पार्षद धनंजय कुमार गुप्ता ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव हुए एक साल से अधिक समय हो गए, लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी के रवैए के कारण शहर का विकास ठप है। वे विकास की बजाय पार्षदों को आपस में लड़ाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में योजनाएं कागजों पर कर दी जा रही है। इधर वार्ड पार्षद प्रकाश कुमार मिश्रा ने कहा कि शहर में विकास कार्य पूरी तरह से ठप है। लाइट खरीदारी, कंबल खरीदारी तथा नली- गली की सफाई समेत कई कार्य कार्यपालक के रवैया के कारण पूरी तरह ठप है।

संसद से 146 सांसद निलंबित, महागठबंधन दलों के नेताओं ने सड़क पर उतर जताया विरोध

केटी न्यूज/औरंगाबाद

लोकसभा एवं राज्यसभा में विपक्षी 146 सांसदों को निलंबित करने के बाद देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है जिसके मद्देनजर महागठबंधन दलों के नेताओं ने सड़क पर उतर कर शुक्रवार को शहर के गांधी मैदान से लेकर रमेश चौक तक आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने कहा कि संसद में हुए सुरक्षा उल्लंघन पर मोदी सरकार से जवाब मांगने के लिए विपक्षी सांसदों को निलंबित करना एक गलत और अलोकतांत्रिक कदम है। मोदी सरकार विपक्ष मुक्त संसद देखना चाहती है जितना संभव हो सके उतने सांसदों को निलंबित करने की कोशिश कर रही है, ताकि अहम बिलों को मनमाने ढंग से पारित करा सके। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान, प्रदेश सचिव सह पूर्व विधायक सुरेश मेहता, प्रदेश सचिव ई. सुबोध कुमार सिंह, प्रदेश सचिव कौलेशवर यादव, जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, राजद जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, जिला पार्षद शंकर यादव, अनिल यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, जनता दल यूनाइटेड के कई वरिष्ठ नेता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता बलराम मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, संजय यादव, संजीत यादव आदि थे।

खेत में बकरी चले जाने पर महिला की पिटाई

आरा। भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम खेत में बकरी चले जाने का विरोध करने पर पीपरपांती गांव निवासी राजेश प्रसाद की 40 वर्षीय पत्नी राजकुमारी की गांव के ही एक लड़के व लड़की ने पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला ने लड़की सोनी एवं लड़के बम पर लोहे के रॉड से हमला करने का आरोप लगाया है।

सलैया में रैली निकाल चलाया जागरूकता अभियान, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

फोर्टिफाइड चावल ही खाना, बिना माड़ पसाए ही बनाने का दिया संदेश

केटी न्यूज/औरंगाबाद

फोर्टीफाइड चावल को बढ़ावा देने के लिए जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय सलैया में विश्व खाद्य कार्यक्रम तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों एवं रसोइया को वीडियो क्लिप के द्वारा फोटीफाइड चावल के गुणों तथा इससे होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

कार्यक्रम में इसके निर्माण की पद्धति को भी बताया गया ताकि कही कोई संदेह या भ्रम न रहे। इसके बाद बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा छः से आठ के 18 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों ने फोर्टीफाइड चावल आधारित पोस्टर बनाए, जिसे सामूहिक रूप से सराहा गया। तत्पश्चात कक्षा 6 से 8 के बच्चों द्वारा रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व नोडल शिक्षिका प्रतिभा कुमारी ने किया।

रैली में बच्चों ने फोर्टीफाइड चावल खाएंगे एनीमिया रोग भगाएंगे, हम सब का है एक ही नारा एनीमिया मुक्त हो देश हमारा, फोर्टीफाइड चावल ही खाना बिना माड़ पसाए ही बनाना, आदि सलोगन नारे लगाए।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम तथा ए के क्रिएशन के पदाधिकारी मोहम्मद आफताब एवं मोहम्मद शाहनवाज ने बताया की फोटीर्फाइड चावल पोषक तत्वों का खजाना है, जिसमे कई सारे रोगों से लड़ने की क्षमता है। खास कर एनीमिया तथा अन्य अभावजन्य बीमारियों के लिए रामबाण है। इस अवसर पर वार्ड सचिव विश्वजीत कुमार गुप्ता, विद्यालय के शिक्षक बिनोद कुमार मिश्रा, संजय कुमार, शशिकांत कुमार, सोहन कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, शिक्षिका प्रतिभा कुमारी, रेखा कुमारी, कृति कुमारी सहित विद्यालय के रसोइया, शिक्षा सेवक तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

कोलकाता ने लखनऊ को छह विकेट से हराया, आज फाइनल में हरियाणा से होगी भिड़ंत

♦ शहीद रविकांत क्रिकेट टूर्नामेंट के पुल बी का सेमीफाइनल मैच

केटी न्यूज/डुमरांव

शहीद रविकांत सिंह आईपीएस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के पुल बी का सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को कोलकाता और लखनऊ के बीच खेला गया। मैच में टॉस संजय तिवारी द्वारा किया गया। टॉस लखनऊ ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इस मैच के उद्घाटनकर्ता के रूप में जयपुरिया स्कूल के डॉयरेक्टर अजय पांडेय और

समाजसेवी रोटेरियन प्रदीप जायसवाल उपस्थित रहे। मैच की शुरूआत से पूर्व मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। लखनऊ की टीम ने पहले

बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में 118 पर ऑल आउट हो गयी। लखनऊ की तरफ से अमीर ने 38 और गोलू ने 33 रन की पारी खेली। शेष कोई भी बल्लेबाजी दहाई का भी अंक नहीं छू सका। कोलकाता की तरफ से रबाडा, दिव्य प्रकाश और स्पर्श ने दो-दो विकेट चटकाए। 118 रनों का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम 14 वें ओवर में ही छह विकेट से जीत हासिल कर ली।

कोलकाता की तरफ से पुनीत यादव 31, दिव्य प्रकाश 36 और कौशल सिंह 22 रन बनाया। दिव्य प्रकाश ने महज 19 बॉल पर 36 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और तीन चौके शामिल रहे। लखनऊ की तरफ से सुमित, संदीप, राहुल, अमीर ने एक एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिव्य प्रकाश को कांत गारमेंट्स के सौजन्य से विवेक कांत और समाजसेवी भगवान जी वर्मा के द्वारा दिया गया, जिसने दो विकेट भी लिए और धुंआधार 36 रन बनाए। मैच में वेद प्रकाश और निरंजन प्रसाद ने अंपायर की भूमिका निभायी। स्कोरर के रूप में अक्षय मिश्र, चेतन कुमार और सतीश जायसवाल उपस्थित रहे। बता दें कि शनिवार को फाइनल मुकाबला है जो कोलकाता व हरियाणा की टीमों के बीच खेला जाएगा। मैच के दौरान हजारों दर्शक उपस्थित रहे। मौके पर नरेंद्र नाथ ओझा, संजय शर्मा, विनोद वर्मा, जियाउल हक सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

खबरें फटाफट

हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार, जेल

डुमरांव। कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र में हेरोइन बेचते एक महिला तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। तस्कर के पास से पुलिस ने 20 पुड़िया हेरोइन बरामद किया है। गिरफ्तार महिला तस्कर की पहचान सुशीला देवी के रूप में हुई है। पुलिस की टीम पकड़ी गयी महिला तस्कर से कड़ी पूछताछ करने में जुटी है। कोरानसराय पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर महिला तस्कर की गिरफ्तारी की गयी है। आरोपी से कड़ी पूछताछ के दौरान कई अहम सुराग मिला है, जिसके आधार पर पुलिस अगली कार्रवाई करने की रणनीति बना रही है।

बीडीओ व ओएसडी ने किया कस्तूरबा स्कूल का निरीक्षण

केसठ। शुक्रवार को केसठ के प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा एवं ओएसडी रश्मि सिन्हा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने किचेन रूम के आलावा कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, आवास के साथ ही वर्ग कक्ष साफ सफाई व व्यवस्था की जांच की। वही छात्राओं को उपलब्ध कराने वाले भोजन सहित अन्य सामग्री व मीनू का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियो ने बच्चियों से कुछ सवाल पूछा सही जवाब मिलने पर छात्राओं के अलावा शिक्षकों की प्रशंसा भी की।वही विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार व वार्डेन को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। वही कस्तूरबा के लिए जिले में आए पुस्तकों को अविलंब लाने को बात कही।

मछली मारने के दौरान करंट लगने से झुलसा युवक

डुमरांव। शुक्रवार को डुमराव में मछली पकड़ने के दौरान एक युवक पानी में गिरे 11 केवीए के धारा प्रवाहित तार के चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। हलांकि उसकी जान बच गई तथा इलाज के बाद उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। घटना दोपहर में स्टेशन रोड स्थित नगर परिषद के प्रशासनिक भवन के ठीक सामने एक खाली प्लाट में घटित हुई है। जख्मी की पहचान स्थानीय नगर के लालगंज कड़वी निवासी सुदर्शन राय के 25 वर्षीय पुत्र बनारसी राय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह नगर परिषद के प्रशासनिक भवन के ठीक सामने एक खेत में मछली पकड़ रहा था। संयोग से 11 हजार पॉवर का तार पानी में टूट कर गिरा था। मछली पकड़ने के लिए बनारसी जैसे ही पानी में उतरा कि वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बूरी तरह से झुलस गया। आसपास में मौजूद लोगों ने तत्काल बिजली कंपनी को फोन कर लाइन कटवाया तथा उसे पानी से निकाल अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। वही उसका जान बच जाने से घरवालों ने राहत की सांस ली है। वहीं लोगों में बिजली कंपनी के लापरवाही के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों की माने तो तार टूट कर गिरने के बावजूद कंपनी ने उसे यूं ही छोड़ दिया था। ऐसे में किसी की जान भी जा सकती है।

डुमरांव में बालू माफियाओं पर कार्रवाई: डीएम के सर्च अभियान से मचा हड़कंप

डीएम ने पूरी रात चलाया अभियान, बालू लदे 94 ट्रकों पर 9.5 लाख का जुर्माना

केटी न्यूज/डुमरांव

बालू मॉफियाओं के खिलाफ बक्सर प्रशसान ने बड़ी कार्रवाई की है। बालू की ओवरलोड ढुलाई की शिकायत मिलने के बाद डीएम अंशुल अग्रवाल खुद सड़क पर उतरे। गुरूवार की पूरी रात वे डुमरांव शहर के बाहर एनएच 120 पर टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाए। इस दौरान कुल 229 ट्रकों की जांच की गई। जिसमें 94 ट्रकों को ओवरलोड पाया गया तथा उन पर 9.5 लाख रूपए का जुमार्ना लगाया गया। यह बालू मॉफियओं तथा ओवर लोड परिचालन के खिलाफ बक्सर के इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

इसके पहले वर्ष 2013 में डुमरांव में एक साथ 73 ट्रकों पर जुर्माना लगाया गया था। तब डुमरांव के तत्कालीन थानाध्यक्ष संजय कुमार झा ने यह कार्रवाई की थी। वहीं इस बार खुद जिले के मुखिया सर्द रात में ट्रकों की जांच पड़ताल करते रहे। उनके साथ डीटीओ संजय कुमार, डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस

किसी की शिकायत पर हुई है कार्रवाई

माना जा रहा है कि बक्सर डीएम से किसी ने शिकायत की थी कि औरंगाबाद व रोहतास से ओवर लोड बालू को ट्रक पर लाद हर दिन डुमरांव व बक्सर के रास्ते यूपी तक तस्करी की जा रही है। डीएम को बताया गया था कि हर दिन सैकड़ो ओवर लोड ट्रकों का परिचालन होता है। जिससे राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है। सूचना की तस्दीक के लिए ही डीएम खुद सड़क पर उतरे थे। देर शाम से शुरू हुआ वाहन जांच अभियान पूरी रात जारी रहा। वहीं इस दौरान ट्रक चालकों की बेचैनी साफ देखी जा रही थी।

टीम मौजूद थी। प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू मॉफियाओं तथा ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक जहां तहां सड़क किनारे अपने वाहन को खड़ा कर भाग खड़े हुए। वही जानकारों की मानें तो इस दौरान डुमरांव से कोरानसराय तक ट्रकों की लंबी लाईन लग गई थी। डीटीओ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अब हर दिन ओवर लोड परिचालन के खिलाफ अभियान चलेगा।

कई जगह हो चुका है माफिया व प्रशासन में टकराव

बता दें कि बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही बालू मॉफिया प्रशासन पर हावी थे। हाल के दिनों में भोजपुर के कोईलवर, जमुई सहित कई अन्य जिलों में भी बालू माफिया सीधे प्रशासन से टकरा चुके हैं। कई बार तो मॉफियाओं द्वारा खनन रोकने के लिए गई पुलिस टीम पर भी हमला बोला गया है। माना जा रहा है कि इन घटनाओं से राज्य सरकार की खासी किरकिरी हुई है। इस कार्रवाई को माफियाओं के खिलाफ सरकार की प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा जा रहा है।

वर्षो से हो रही है ओवर लोड ढुलाई: डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर बालू की ओवर लोड ढुलाई वर्षों से हो रही है। नासिरीगंज से बालू लाद डुमरांव के रास्ते बक्सर होकर यूपी जाने वाली ट्रकें पूरी रात चलती हैं। दिन में नो एंट्री के कारण रात में परिचालन होता है।

क्या कहते है डीटीओ: डुमरांव में बालू लदे कुल 229 ट्रकों की जांच की गई। जिसमें 94 ट्रक ओवर लोड पाए गए। उनपर साढ़े नौ लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। आगे भी अभियान जारी रहेगा।
– संजय कुमार, डीटीओ, बक्सर

एक नजर

सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने निकाला आक्रोश मार्च

बक्सर। लोकसभा में रिकार्ड 142 सांसदों को निकाले जाने से नाराज इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने शुक्रवार को बक्सर में आक्रोश मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च शहर के वीरकुंवर सिंह चौक से ज्योति प्रकाश चौक, अंबेडकर चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा के उपसभापति के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश मे बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, अराजकता बढ़ते जा रहा हैं। देश के सारी सम्पत्ति सिर्फ और सिर्फ अडानी एवं अंबानी के हाथों मे बेचा जा रहा है। जब कोई सांसद सदस्य लोकसभा एवं राज्यसभा में सवाल करता है तो उसकी सदस्यता रद्द कर दिया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक तानाशाह सरकार सभी सांसदों का निलंबन वापस नहीं लेती है तब तक चरणबद्ध तरीके से केन्द्र सरकार के विरुद्ध इंडिया गठबंधन अपना जुलुस प्रदर्शन करते रहेगी। विरोध प्रदर्शन में बक्सर लोकसभा के पूर्व सांसद तेज नारायण सिंह, पूर्व मंत्री छेदी लाल राम, राजद जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, जदयू के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डुमरांव विधायक अजीत कुमार सिंह, सीपीआई के जिला सचिव बालक दास कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय, डुमरांव से राजद के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार सिंह, लालबाबू यादव, परशुराम तत्वा राजद के मीडिया प्रभारी हरेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

केसठ में सामाजिक संस्था ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

केसठ। ठंड को देखते हुए सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्था तुलसी अतुल्य सेवा संस्थान की ओर से शुक्रवार को मां भवानी मंदिर परिसर में 50 असहाय निर्धन गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। संस्थान के संस्थापक कुंवर भीम सिंह ने बताया कि हमारी संस्था के सभी सदस्यों के सहयोग से सामाजिक कार्यों को करती है। कंबल वितरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा द्वारा किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष रामश्रय सिंह, सचिव ब्यासमुनी सिंह, शिवशंकर सिंह, बिनोद कुमार, मुन्ना प्रसाद, सुभाष आर्या, कृष्ण कुमार उर्फ नकुल सहित अन्य उपस्थित रहे।

अनियंत्रित ऑटो की टक्कर से बाइक सवार एसआई जख्मी, पटना रेफर

केटी न्यूज/राजपुर

शुक्रवार को एक अनियंत्रित ऑटो ने राजपुर थाने के एसआई नथुनी पासवान की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वे बाइक से गिर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना बक्सर कोचस मुख्य मार्ग पर दानी कुटिया के समीप की है। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार वे आवश्यक कागजात लेकर बक्सर कोर्ट में जमा करने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही दानी कुटिया के समीप पहुंचे कि उसी समय विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही एक ऑटो ने इनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना तेज था कि वे बाइक से उछल सड़क किनारे गिर पड़े तथा उन्हें काफी गंभीर चोटें आई। इस दौरान मौके पर अफरा तफरी मच गई। इसका फायदा उठा ऑटो चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल हो गया। दोनों तरफ कुछ देर के लिए गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जहां इनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसआई अमृता प्रियदर्शनी ने बताया कि इस घटना में उन्हें काफी गंभीर चोट लगी हुई है। इस मामले को लेकर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना को अंजाम देने वाले टेम्पो चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

रोजगार मेला में 251 अभ्यर्थियों को मिला ऑन स्पॉट नियोजन पत्र

केटी न्यूज/बक्सर

शुक्रवार को बक्सर के आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला नियोजनालय के तत्वावधान में आयोजित हुआ था। इस दौरान बेरोजगार युवाओं की भारी भीड पूरे दिन जुटी रही। विभिन्न कंपनियों के लिए 640 बेरोजगारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जहां ऑन स्पॉट 251 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

मेले का उद्घाटन जिला नियोजन पदाधिकारी, आईटीआई के प्राचार्य, निदेशक नाइलेट बक्सर एवं 30 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडेंट ने संयुक्त रूप से किया। नियोजन मेला में कुल 16 स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें 12 निजी क्षेत्र के नियोजक व्लेड स्टेफिंग सोल्युशन प्रा.लि. स्किल जेड प्रा. लि. राज्य सेक्यूरेक्स प्राइवेट लिमिटेड, सामावेश फिनसर्व प्रा. लि, आईसीआईसीआई इंश्यूरेंस, इविफी लॉजीटेक प्राइवेट लिमिटेड, फ्यूजन माइक्रोफिनांस प्रा. लि. विवेक स्किल मीशन बिहार, स्वदेशी अमर फार्मा, पुख्जाज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एंड रेन एनएसके प्रा. लि. धूत इलेक्ट्रीकल प्राईवेट लिमिटेड एवं 04 सरकारी विभाग जैसे डीआरसीसी, आरसेटी, निफ्टी एवं जिला उद्योग केंद्र के स्टॉल लगे थे। मेले की प्रक्रिया पूर्णतः निः शुल्क थी।

नया भोजपुर में श्राद्धकर्म में शामिल होने आए थे भाजपा के कद्दावर नेता

आज हर तरफ दिख रही मोदी की गारंटी: डॉ प्रेम

केटी न्यूज/डुमरांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया का पांचवी सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाल देश बन गया है। उक्त बातें बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने नया भोजपुर में कही। वे यहां एक श्राद्धकर्म में शामिल होने आए थे। इस दौरान मीडिया से मुखातिब भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व में 9 वर्षों में देश चारों ओर विकास की गंगा बह रही है और देश की विकास की चर्चा भारत के साथ-साथ दुनिया के कोने-कोने में हो रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबके प्रयास के मूल मंत्र के रास्ते पर मोदी सरकार ने देश को दुनिया की पांचवी सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाला देश बना दिया है। आज देश के कोने कोने में और

बिहार के गांव एवं शहरों में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से मोदी की गारंटी दिख रही है। बिहार में बड़े पैमाने पर सड़कों का जाल बिछाया गया है, मेडिकल कॉलेज व केंद्रीय विश्वविद्यालय खोले गए हैं।

किसानों के लिए सिंचाई के क्षेत्र में सुविधा के साथ-साथ पीएम किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से 82 लाख किसानों को प्रतिवर्ष तीन किस्तों में डीबीटी के माध्यम से छह हजार की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। गरीबों को इलाज के लिए आजादी के बाद पहली बार आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से देश में करोड़ों लोगों को लिवर किडनी कैंसर जैसे असाध्य बीमारियों से निजात दिलाया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत देश में चार करोड़ लोगों को गांव एवं शहरों में आवास मुहैया कराया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने किए गए वादे के तहत धारा 370 तथा 35 ए को हटाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को सकार किया है। वहीं अयोध्या में 500 वर्षो से भगवान राम का मंदिर बनाने का सनातन धर्मावली के लोग संघर्ष कर रहे थे। 22 जनवरी 2024 को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला के मंत्री दिलीप चंद्रवंशी, नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बबलू पाठक, अनूप तिवारी, बटेली तिवारी, उदय उज्जैन आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी तरफ वे नया भोजपुर के बाद डुमरांव पहुंचे जहां थाना के पास कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार, युवा नेता दीपक यादव, सोनू राय, शक्ति राय व अन्य थे।

खबरें फटाफट

साइबर फ्रॉड की शिकार हुई बेटी के चेहरे पर पुलिस ने लौटाई मुस्कान

बलिया। अपना खोया हुआ पैसा वापस पाकर बेटी की खुशी का ठिकाना नहीं था। अपनी बेटी को खुश देखकर अधिवक्ता अभय नारायण पाठक भी काफी गदगद दिखे। दरअसल अभय नारायण पाठक की पुत्री के बैंक खाते से बीते दिनों तीन लाख पांच हजार रूपए गायब हो गया था। साबइर सेल में शिकायत दर्ज कराने के बाद साइबर पुलिस की टीम भी तत्परता से पूरे पैसे को वापस कराया। बता दें कि अधिवक्ता की पुत्री के खाते से बीते 17 व 18 मई को क्रमशः 86 हजार, 1 लाख, 23 हजार व 96 हजार कुल 3 लाख 5000 रुपए फर्जी तरीके से दूसरे खाते में स्थानांतरण कर लिया गया था। अधिवक्ता की पुत्री द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद बलिया साइबर सेल की टीम तत्परता से कार्रवाई में जुट गई थी। फल स्वरुप शुक्रवार को अधिवक्ता अभय नारायण पाठक व उनकी पुत्री को बुलाकर पुलिस ने 3 लाख 5 हजार रुपए वापस किया। खोया हुआ पैसा पाकर अधिवक्ता अभय नारायण पाठक व उनकी पुत्री ने बलिया पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और पुलिस अंकल थैंक्यू।

तालाब में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कबीराबाद में शुक्रवार को दोपहर एक तालाब में 35 वर्षीय एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह यत्री, पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ,कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं भारी संख्या में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर तालाब से इस युवक का शव बाहर निकला गया । जानकारी के अनुसार इस तालाब में पूरी तरह से जलकुंभी भरी हुई थी और एक राहगीर तालाब के निकट पेशाब करने के लिए गया तो देखा कि एक युवक की लाश उतरा रही है। बाद में वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और कुछ ही देर में इसकी पहचान रेलवे स्टेशन के निकट 35 वर्षीय मुकेश गुप्ता पुत्र धर्मदेव गुप्ता निवासी निकट रेलवे स्टेशन के रूप में हुई। लोगों का कहना है कि यह शराब के नशे का आदी था और कई दिनों से घर से गायब था। लोगों का कहना है लैट्रिन के लिए निकला होगा और तालाब के गहरे पानी में समा गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई है। बाद में इसके परिजन रोते हुए मौके पर पहुंचे ।कुछ ही देर में पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

मऊ। घोसी तहसील क्षेत्र के विकासखंड घोसी के सददोपुर बासदेवपुर से होकर चमरियाँव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। डीसी मनरेगा उपेंद्र तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिन पात्रों को शौचालय नहीं मिला है गांव के प्रधान सर्वे करा कर संबंधित कार्यालय को सूची दे दें। उनको सत्यापित कराकर शौचालय देने का काम होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि विनोद यादव पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री भाजपा, डीसी मनरेगा उपेंद्र तिवारी, बब्बन यादव ग्राम प्रधान सददोपुर बासदेवपुर, विनय कुमार सचिव सददोपुर, अवधेश यादव ग्राम प्रधान चमरियाँव,विद्यालय परिवार आदि उपस्थित रहे।

सांसदों का निलंबन वापस लिए जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन

सत्ताधारी दल लोकतंत्र का गला घोंट चला रहे संसद, यह काला दिनः सपा

♦ इंडिया गठबंधन से जुड़े दल सपा, आप और कम्युनिष्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

केटी न्यूज/बलिया

निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लिए जाने की मांग को लेकर सपा कार्यकताओं ने जिला महासचिव वीरबल राम के नेतृत्व में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा सरकार तानाशाही सरकार बताया। ज्ञापन में जिक्र किया कि भारतीय लोकतंत्र का काला इतिहास संसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सरकार से विपक्षी सांसदों द्वारा सवाल खड़े किए जाने को लेकर 146 सांसदों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित किया गया है। जिससे सांसदों के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। इसके दृष्टिगत केंद्र सरकार द्वारा निलंबत वापस लिया जाए। उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार का अघोषित आपातकाल, तानाशाही रवैया, गिरते हुए कानून व्यवस्था, डकैती, छिनैती, बलात्कार, चोरी आदि के साथ विपक्ष पर बुल्डोजर चलाने की कार्रवाई में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। कृषकों की समस्या, नहरों में पानी अनुपलब्धता, धान की खरीदारी में धांधली, गांव को जोड़ने वाला तमाम संपर्क मार्गों की मरम्मत न होना, पत्रकारों, व्यापारियों, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार भाजपा सरकार में चरम पर पहुंच गया है। इस मौके पर विधायक जय प्रकाश अंचल, विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी, विधायक संग्राम सिंह यादव, जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख वंशीधर यादव, जलालुद्दीन जेडी, अनिल राय, साथी रामजी गुप्ता आदि रहे।

सांसदों के निलंबन के विरोध में मुखर हुए गठबंधन के नेता

चंदौली। लोकसभा व राज्यसभा के 146 सांसदों के निलंबन को लेकर इंडिया गठबंधन की तरफ से धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर इंडिया गठबंधन के घटक दल सपा और कम्युनिस्ट पार्टी व आप के कार्यकताओं ने पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की,और सांसदों के निलंबन को अलोकतांत्रिक करार दिया, साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। संविधान को खत्म किया जा रहा है है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने का काम भारत की संसद करती है। सरकार के इशारे पर सांसदों को निलंबित किया जा रहा है,इससे बड़ा लोकतांत्रिक संकट देश में नहीं हो सकता। अपनी कमियों को छिपाने के लिए और सांसदों की आवाज को दबाने के लिए सांसदों का निलंबन किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन और सपा के लोग इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के जाने का समय आ गया है, इसके पहले भी अंग्रेजों ने मानवता की हद को पार कर दिया था, जिसको जाते समय कोई नहीं देखा, उस समय भी करो या मरो के नारों के साथ अंग्रेजों को भगाया गया था। सरकार के फैसलों के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ रहा है, 2024 के चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा। वहीं पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे। देश की जनता देख रही है कि सत्ताधारी दल लोकतंत्र का गला घोंटकर इस तरह से संसद चला रहे हैं। यह काला दिन और काला सत्र होगा, जहां विपक्षी दल के नेताओं की बात नहीं सुनी जाती। इस दौरान समाजवादी पार्टी के चंद्रशेखर यादव, चकरु यादव, यादवेश, मुसाफिर सिंह चौहान, बलिराम यादव, चंद्रभानु यादव, रमेश यादव, अशोक त्रिपाठी, अंजनी सिंह, शशिकांत सिंह श्रवण कुमार, रविन्द्र यादव,संजय सोनकर, अयूब खान गुड्डू, बाबूलाल यादव, ज्ञान पांडेय,अरविंद विश्वकर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोदी सरकार के तानाशाही रवैये से संविधान और देश दोनों खतरे में: घोसी विधायक

मऊ। शुक्रवार को मोदी सरकार की तानाशाही रवैये और संसद से निलंबित किए गए 146 सांसदों के फैसले के विरोध में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मऊ जनपद में जोरदार प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को अपनी मांग को भेज कर अवगत कराया। धरना को संबोधित करते हुए घोसी के विधायक सुधाकर सिंह ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली पर जिस तरह से मोदी सरकार कुठाराघात कर रही है इसे संविधान और देश दोनों खतरे में है। विपक्ष के नेताओं को समाप्त कर एक तरफा शासन तानाशाह मोदी सरकार करना चाहती है वह लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर राजतंत्र स्थापित करना चाहती है जो यहां के मूल निवासी हैं उनको बधुआ मजदूर की तरह बनाकर उन पर राज करना मोदी सरकार का मूल मकसद है। जिस तरह से ईडी सीबीआई और आईटी को मोदी सरकार मोदी ने रखैल बनाकर रखा है इससे लगता है कि मोदी सरकार लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती वह विपक्ष को समाप्त कर राजतंत्र कायम करना चाहती है। इसी उद्देश्य से वह चुनाव आयुक्त को अपने पॉकेट का रखकर एवं ईवीएम को अपना हथियार बनाकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। जिस तरह से चुनाव आयोग और एवं का दुरुपयोग करके भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोटते हुए सरकार बनाई है आने वाला दिन देश नई क्रांति की ओर अग्रसर हो रहा है अगर इस तरह की व्यवस्था बनी रही तो आने वाले दिनों में ना तो चुनाव होंगे और नहीं लोकतंत्र बचेगा।

जनपद में बाजरा पुनरोद्धार कार्यक्रम रोड शो को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

केटी न्यूज/ बलिया

भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोगों को अधिक मात्रा में मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए। भारत ही मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा। पूरे देश में मोटे अनाजों की खेती में बलिया अग्रणी जिला है। बलिया हमेशा से देश का नेतृत्व करता आया है।

उक्त बातें सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित बाजरा पुनरोद्धार कार्यक्रम-रोड शो को हरी झंडी दिखाने के उपरांत कही। भारत सरकार के प्रयासों से मोटे अनाजों में बाजरे के उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी लाभ देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया गया। जनपद के लोगों को बाजरे की उपयोगिता संबंधी जागरूकता के लिए यह रैली निकाली गई। कार्यक्रम में डीएम रविंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक मनीष सिंह आदि अधिकारी थे।

पड़वार में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन, ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

♦ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

केटी न्यूज/बलिया

सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के गड़वार विकासखंड अन्तर्गत पड़वार गांव में किया गया, जहां इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. विकासखंड अधिकारी अतुल कुमार द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

दरअसल, केंद्र सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर जिले में निरंतर जारी है. इसी के तहत शुक्रवार को गड़वार विकासखंड के पड़ार गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की रथ पहुंची. इनमें एलईडी वैन के माध्यम से सरकारी योजनाओं को दिखाया गया एवं योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया।

लगाए गए स्टॉल

दरअसल विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभवानित करना है, जिसको देखते हुए जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे, जिनका ग्रामीणों ने लाभ लिया. कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी रवि यादव, अनिल कुमार सिंह सचिव, प्रवीन कुमार, ग्राम प्रधान सहित हजारों ग्रामीण मौजूद थे।

रैन बसेरा का लिया जायजा, पर्याप्त मात्रा में लोगो को ठहरने के लिए एसडीएम को निर्देश

रात को जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर डीएम ने ओढ़ाया कंबल

केटी न्यूज/बलिया

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ठंड में खुले आसमान के नीचे कोई भी व्यक्ति सोने न पाए के क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार गुरुवार की रात 10 बजे अपने आवास से निकलकर शहर के विभिन्न स्थानों पर असहाय, गरीब, बेसहारा और जरुरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी सर्वप्रथम जिला अस्पताल परिसर पहुंचे वहां जल रहे अलाव के पास कुछ लोगों को कंबल वितरित किया। जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत कर अस्पताल द्वारा कंबल उपलब्धता के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि सभी के पास अस्पताल द्वारा मुहैया कराया गया कंबल उपलब्ध था। उन्होंने वहां पर भर्ती मरीजों के साथ आए परिजनों को रैन बसेरे में रात्रि विश्राम करने भेजने के लिए जिला चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों का कम भ्रमण करने वाले मेडिकल हेल्थ टीम का रोकें वेतन: डीएम

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। इसमें प्रतिरक्षाकरण, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का पंजीकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल हेल्थ टीम के द्वारा स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, ई-संजीवनी, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय लेप्रोसी उन्मूलन कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास केंद्र,पर चर्चा हुई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का कम भ्रमण करने वाले मेडिकल हेल्थ टीम के वेतन रोकने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पंजीकरण और फर्स्ट टाइम गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण को बढ़ाकर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को अपडेट करने का निर्देश दिया। इसमें महत्वाकांक्षी ब्लॉकों को स्थिति सुधार करने की हिदायत दी गई। एचआरपी पंजीकरण ,टोटल डिलीवरी, पूर्ण प्रतिरक्षाकरण में सभी ब्लॉकों के एमओआइसी को प्रगति लाने के निर्देश दिए।

एक नजर

जमीन विवाद को लेकर महिला समेत बच्चों की जमकर हुई पिटाई, जांच में जुटी पुलिस

गाजीपुर। शादियाबाद थाना क्षेत्र के गोंडाकला गांव में शुक्रवार सुबह दबंगों ने महिला समेत बच्चों की पिटाई कर दी। पीड़ित महिला सुनीता देवी (36) कौशल छह वर्ष, निधि दस वर्ष, बुजुर्ग सास कृष्णा देवी खेत में पानी से सिंचाई कर रही थी। तभी वक्त दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर दबंग पहुंच गए और सिंचाई की गई खेत में ट्रैक्टर से जोतने लगे। जब महिला सुनीता देवी ने ट्रैक्टर के आगे खड़ा होकर रोकना चाहा, तो आधे दर्जन लोगों ने पकड़कर खेत में ही पटक दिया और महिला एवं बच्चों की पिटाई कर दी। पीड़ित महिला ने शादियांबाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एक घंटे बाद भी नहीं पहुंच पाई तो उच्चाधिकारियों को फोन कर सूचना देने के बाद थानाध्यक्ष कमलेश चौहान अपने हमराहियों के साथ पहुंचे और ट्रैक्टर सहित दर्जनों लोगों को पकड़कर थाने ले आए। जिसमें कुछ लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। पीड़ित महिला सुनीता देवी ने बताया कि चार बीघा आठ विस्वा भूमि बैनामा कर डेढ़ माह पूर्व में सरसों बोई गई थी। जिसको दबंगों ने जोतकर नष्ट कर दिया। मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। जिसमें थानाध्यक्ष के कहने पर एक दिसंबर को खेत को जोतकर गेहूं का छिड़काव किया था। आज जब गेहूं में सिंचाई करने गई तो दबंगों ने पिटाई कर दी। यहां तक की ट्रैक्टर भी चढ़ाने की कोशिश की, जिसमें जान बचाकर भागते समय मेरा मंगलसूत्र भी खो गया।

अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस पर फ्री हेल्थ जांच कैंप का आयोजन

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश जनपद गाजीपुर मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम मुर्की खुर्द में स्थित शम्स मॉडल स्कूल के प्रांगण में अली अहमद एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा डॉक्टर रियाज हेल्थ केयर सेंटर के सहयोग से छात्रों एवं विभागों का फ्री हेल्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. साकिब रियाज खान असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज ने जांच से पहले अभिभावकों और बच्चों को संबोधन करते हुए कहा पूरी जिंदगी तीन हिस्सों में बटी हुई होती है। मां के गोश्त से लेकर 30 वर्ष तक बने और संवारने का वक्त होता है। 30 वर्ष से 60 वर्ष तक जिंदगी का फल हासिल करने का वक्त होता है और 60 वर्ष के बाद जिंदगी का मूल्यांकन होता है। जिस बच्चे ने मां की गोद से 30 वर्ष तक अपना एम और गोल तलाश लेता है। वही बच्चा कामयाब होता है। इस अवसर पर शहाबुद्दीन खान ललिता यादव, संजू पासवान, निकहत परवीन, अदनान रजा , मनीष कुमार , विशाल कुमार, निकहत खातून, पुनम यादव, रिंकु यादव, महिमा प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्य रूप से उपस्थित थे। आए हुए तमाम अतिथियों का धन्यवाद नाजिम रजा ने किया।

मनरेगा घोटाले को लेकर गांव में पहुंची जांच टीम, मचा हड़कंप

गाजीपुर। जखनियां ब्लाक के सुल्तानीपुर ग्राम सभा में शिकायतकर्ता अशोक यादव के आवेदन की बात मनरेगा डीसी देवनंद दुबे, सहायक अभियंता सहित ब्लॉक के अधिकारी गांव में साढ़े बारह बजे पहुंचे। बारी-बारी से गांव में लगाई गई इंटरलॉकिंग, खड़ंजा के नाप-तोल और गुणवत्ता को परखा। साथ ही अधूरे पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया गया। शिकायतकर्ता अशोक यादव ने बताया कि गांव में पूर्व प्रधान द्वारा लगाए गए खड़ंजा पर साढ़े तीन लाख रुपये उतार लिए गए। साथ ही गांव में कई इंटरलॉकिंग का पैसे उतार कर कार्य नहीं किया गया। इसे लेकर मनरेगा डीसी देवनंदन दुबे गांव में पहुंचकर बारीकी से गांव का औचक निरीक्षण किए साथ ही पंचायत भवन के अधूरे सपने को लेकर सचिव, ग्राम प्रधान को फटकार लगाई। उन्हें पंचायत भवन का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। गांव में जांच टीम के पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। गांव में लगाई गई इंटरलॉकिंग, खड़ंजा को फीता से लंबाई -चौड़ाई नापी गई। इस सिलसिले में मनरेगा डीसी देवनंद दुबे से बात किया तो कुछ बताने से इंकार किया। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता, एडीओ पंचायत राजकमल गौरव ने बताया कि गांव में जांच टीम गई थी। यह पूरी जांच प्रक्रिया होने के बाद पता चल पाएगा कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य हुआ है या मानक विहीन था।

हज यात्रा के लिए अब 15 जनवरी तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

चंदौली। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की ओर से अवगत कराया गया है कि हज यात्रा आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी 2024 तक कर दी गई है। अब इच्छुक आवेदक वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश खैरवार ने बताया कि हज यात्रा के लिए आवदेन करने वाले हज यात्रियों की सुविधा के लिए जनपद में संचालित दो ई-सुविधा केंद्र/ हज फैसिलिटेशन सेंटर मदरसा मिस्बाहुल उलुम धानापुर व सेंट अल हनीफ एजुकेशन सेंटर, सेमरा, पड़ाव सेंटर पर संपर्क कर अपना आनलाइन आवेदन 15 जनवरी तक कर सकते हैं।

किसान योद्धा जगदीश यादव की पुण्यतिथि मनी

अलीनगर (चंदौली)। क्षेत्र के विश्वनाथ सिंह पीजी कॉलेज परशुरामपुर के प्रांगण में शुक्रवार को समारोह पूर्वक किसान योद्धा व भाकियू के पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय जगदीश सिंह यादव की नवी पुण्यतिथि इनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाया गया। वही वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। पुण्यतिथि के अवसर पर प्रबंधक सुभाष सिंह यादव ने कहा कि इन्होंने अपना पूरा जीवनकाल किसानों के समस्याओं को उठाने के प्रति न्योछावर कर दिया था। किसानों के हर समस्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा ही नहीं बल्कि उनकी समस्याओं को दूर करवाने का भी काम किया करते थे। इस मौके पर किसान नेता दीनानाथ श्रीवास्तव, राम सुधार यादव, हरिद्वार सिंह ,शिव मूरत, सुरेंद्रनाथ,चंद्र प्रकाश, डॉ. शौकत सिद्दीकी, डॉ. सीमा, डॉ. नंदलाल, निरंजन यादव, डॉ. लाल चंद्र, डॉ. आलोक ,संजय उपाध्याय सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।